AF-3001

B.Sc. (Part - I)
Term End Examination, 2017-18

FOUNDATION COURSE

Paper - I

Hindi Language

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75
[*Minimum Pass Marks* : 26

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

इकाई–I

1. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 5

(*i*) सबै दिन होत न एक समान।

(*ii*) क्रोध अन्धा होता है।

(*iii*) जहाँ सुमति तहाँ सम्पत्ति नाना।

अथवा

पत्र के प्रकार बताते हुए अच्छे पत्र की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) एक अच्छे अनुवादक की विशेषताएँ लिखिए। 5

अथवा

अनुवाद प्रक्रिया को समझाइए।

(ग) निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किसी **पाँच** शब्दों के हिन्दी नाम लिखिए : 5

(*i*)	Act	(*ii*)	Stay
(*iii*)	Cashier	(*iv*)	Tracer
(*v*)	Agent	(*vi*)	Chairman
(*vii*)	Air Pollution	(*viii*)	Audit Officer
(*ix*)	Advertisement	(*x*)	Computer

इकाई-II

2. (क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए और वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 5

(*i*) कमर कसना

(*ii*) आँच न आना

(*iii*) घाट-घाट का पानी पीना

(*iv*) छक्के छुड़ाना

(*v*) लोहे के चने चबाना

अथवा

लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए किन्हीं पाँच लोकोक्तियों के उदाहरण दीजिए।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध कीजिए : 5

(*i*) वृक्षों पर कोयल कूक रही है।

(*ii*) वह आटा पिसाने गया।

(*iii*) वह दण्ड देने योग्य है।

(*iv*) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

(*v*) साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।

अथवा

लिंग संबंधी अशुद्धियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम रूप लिखिए : 5

(*i*) उन्नति

(*ii*) कृतज्ञ

(*iii*) स्वर्ग

(*iv*) सार्थक

(*v*) दिन

अथवा

निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :

(*i*) जो कभी बूढ़ा न हो।

(*ii*) जो कभी पराजित न हो।

(*iii*) माँस खाने वाला।

(*iv*) जिसका कोई शत्रु न हो।

(*v*) कम बोलने वाला।

इकाई–III

3. (क) देवनागरी लिपि के प्रारंभिक स्वरूप पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'मानक' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए मानक भाषा की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। 5

अथवा

मानक, उपमानक और अमानक हिन्दी भाषा को संक्षेप में उदाहरण सहित समझाइए।

इकाई–IV

4. कम्प्यूटर का सामान्य परिचय देते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

"कम्प्यूटर का हिन्दी भाषा पर प्रभाव" विषय पर टिप्पणी लिखिए।

अथवा

हिन्दी में पदनाम से आप क्या समझते हैं? सोदाहरण समझाइए।

इकाई–V

5. 'संक्षेपण विधि' का सम्यक् विवेचन कीजिए। 15

अथवा

'संक्षिप्तीकरण' क्या है? इसके उपयोग पर प्रकाश डालिए।

अथवा

हिन्दी अपठित गद्यांश का अभिप्राय क्या है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

———